हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025





## छठ पर्व पर डूबते सूरज को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

जिले में छठ पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर स्थित सीवन नदी तट पर भोजपुरी समाज के तत्वाधान में सोमवार को अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वहीं भजन और सुंदर कांड का आयोजन किया गया। वहीं समाज के पादाधिकारियों का सम्मान किया गया। मंगलवार को अल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

छठ का पावन पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सीवन नदी घाट पर सूर्य देव को अर्घ्य प्रदान किया। छठ पर्व की शुरूआत भोजपुरी समाज के व्रतियों द्वारा लौकी चावल का सेवन करके किया। इसके बाद गुड़, चावल और दूध से निर्मित खीर का भोग लगाकर भगवान को खरना के रुप में प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद रात से 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ हो गया है, जो कि मंगलवार को प्रातः कालीन सूर्य को अर्घ्य देने के बाद समाप्त हो जाएगा।

### आज उगते सूरज को अर्घ्य के साथ होगा व्रत का समापन

सोमवार की शाम को समाज व शहर के गणमान्य लोग सीवन घाट पर उपस्थित होकर छठ माई की पूजा_अर्चना की गई और डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। घाट पर ही सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा छठ माई के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके बाद रात 9 बजे के बाद सुन्दरकाण्ड का भी आयोजन किया गया। सुबह पुनः करीब 4 बजे से समाज के सभी लोग घाट पर एकत्रित होकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर एवं छठी माई की पूजा_अर्चना करके पर्व का समापन करेंगे, वहीं छठ पर्व को लेकर भोजपुरी समाज को जन प्रतिनिधियों ने भी शुभकामनाएं दी हैं।



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय फ्री स्टाइल डायमंड ने हासिल की जीत

**सीहोर**। गत दिनों जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले शहर के प्रतिभाशाली कुश्ती खिलाड़ी डायमंड संधानी ने उज्जैन में 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर जीत हासिल की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए निजी स्कूल के अजीत सिंह ने बताया कि डायमंड संधानी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आ रहे है। शहर के एक निजी स्कूल में कक्षा आठवीं के विद्यार्थी है और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है। उनकी इस कामयाबी पर स्कूल की प्राचार्य मनीषा, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, विष्णु प्रजापति, रमेश आहुजा, रतन आसुदानी, नरेश आसुदानी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, हरीशचंद्र आर्य आदि ने 13 वर्षीय डायमंड को बधाई दी।

### विद्यार्थियों को दिलाई गई तंबाकू से बचने की शपथ

**सीहोर**। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत सीहोर के उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों को तंबाकू से बचाव के लिए शपथ दिलाई गई। नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया और तंबाकू से स्वयं को एवं अपने समाज को बचाने के लिए प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 9 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक 60 दिवसीय विशेष अभियान टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू से होने वाली घातक बीमारियों से बचाना और जागरूक करना है। शासन द्वारा अभियान के तहत सीहोर जिले के 400 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य प्रदान करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए है।

### होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक की डिग्री लेकर एलौपैथिक दवाओं से कर रहे हैं मरीजों का इलाज

# झोलाछाप डॉक्टर ग्रामीण अंचल में कहीं दो कमरों में तो कहीं मेडिकल स्टोर की आड़ में चला रहे अस्पताल

### बिना डिग्री, डिप्लोमा के डॉक्टर बेखौफ होकर कर रहे हैं मरीजों का ईलाज, स्वास्थ्य विभाग बना अनजान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से जब किसी मरीज की मौत हो जाती है तो स्वास्थ्य विभाग कुंभकर्णीय नींद से जागता है और कुछ ऐक क्लीनिकों पर कार्रवाई के नाम पर रस्म अदायगी कर देता है। ऐसे ही मामले हालही में जिले में देखने को मिलें हैं। जिसमें झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से दो बच्चों की मौत हो गई। लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में अभी भी बड़ी संख्या में झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ होकर मरीजों का ईलाज कर रहे हैं। कई डॉक्टरों के पास बिना निर्धारित डिग्री, डिप्लोमा नहीं होने के बावजूद वह ग्रामीण क्षेत्रों में घर - घर जाकर व घरों में तो कहीं किराएं के कमरों में क्लीनिक खोलकर धड़ल्ले से मरीजों का ईलाज कर रहे हैं। क्षेत्र में डॉक्टरों की कमी होने के कारण गांव - गांव में अनेक झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हैं। यह फर्जी चिकित्सक साधारण सर्दी - जुकाम, बुखार से लेकर गंभीर बीमारियों का उपचार करने का दावा कर मरीजों से मोटी रकम वसूल रहे है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे डॉक्टरों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस कारण यह बेखौफ होकर मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

### हरिभूमि टीम ने लिया जायजा

रविवार को हरिभूमि की टीम ने क्षेत्र के की गांवों का जायजा लिया इस दौरान हालात काफी चौंकाने वाले सामने आएं टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोलारडेम के तहत आने वाले गांव वीरपुर पहुंची । यहां चिकित्सक विकास विश्वकर्मा दो कमरों में अस्पताल का संचालन करते हुए मिले। समीप ही एक छोटे से कमरे में मेडिकल स्टोर संचालित हो रहा है। अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज अपना ईलाज कराते हुए मिले। डॉक्टर विश्वकर्मा से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि उनके पास बीएएमएस ( आयुर्वेदिक ) की डिग्री है जबकि वह मरीजों का उपचार एलोपैथी चिकित्सा पद्धति से कर रहे है। वह मरीजों को ड्रिप , इंजेक्शन आदि लगाने के साथ दवाई भी अपने मेडिकल से देकर उनसे मोटी रकम वसूल रहे है। इसी प्रकार क्षेत्र के ब्रिजीशनगर , दीवडिया, आर्या, भांऊखेड़ी, चेनपुरा, रामनगर, ढाबला, बावड़िया चोर , नादान, बोरदीकलां आदि गांव में भी झोलाछाप डॉक्टर घरों व दुकानों में क्लीनिक खोलकर मरीजों का ईलाज करते हुए मिले हैं।

### अस्पताल के साथ खुद के मेडिकल स्टोर




नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में कई झोलाछाप चिकित्सकों के खुद के अस्पताल और खुद की दवाईयां है। यहां पर मरीजों से फीस तो नाममात्र की लेते है , लेकिन दवाईयों के जरिए मरीजों को बुरी तरह से ठगा जा रहा है। अनभिज्ञता के चलते मरीज इन चिकित्सकों की बातों में आकर महंगे दामों में दवाई खरीद रहे है। इससे मरीज आर्थिक नुकसान उठाने के साथ ही जान का जोखिम भी उठा रहे है, लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दें रहे है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जब भी इन झोलाछाप डॉक्टरों के बारे में पूछा जाता है तो वह एक ही रटा रटाया शब्द बोलते हैं कि आपके द्वारा हमारे संज्ञान में यह मामला आया है हम उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। इससे यह साबित होता है की जिम्मेदार अधिकारी या तो फील्ड में जाते नहीं या फिर इनकी मिली भगत से इन झोलाछाप डॉक्टरों का कारोबार चल रहा है।

### की जाएगी कार्रवाई

वीरपुर डेम गांव में अवैध रूप से अस्पताल संचालित होने का मामला संज्ञान में आया है, इसके साथ ही क्षेत्र में अन्य गांवों में भी बिना डिग्री, डिप्लोमा के चिकित्सकों द्वारा मरीजों का उपचार करने की सूचना मिली है। जल्दी ही इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. अंकित चांडक,** सीबीएमओ इछावर

### होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक की डिग्री से एलोपैथिक दवाओं से कर रहे हैं इलाज




जिले में झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। कई होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक डिग्रीधारी डॉक्टर एलोपैथी दवाएं लिखकर इलाज कर रहे हैं, जबकि कई ऐसे फर्जी चिकित्सक भी हैं जिनकी क्लीनिक में ना नाम-पट्टिका है, ना ही पंजीयन। इन झोलाछापों को दवा दुकानदारों और नर्सिंग होम संचालकों का पूरा सहयोग मिलता है। यही कारण है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इनका नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। मरीजों से साधारण बीमारी के इलाज, दवा और जांच के नाम पर मोटी रकम ऐंठी जाती है। गलत दवा और खुराक से कई मरीजों की हालत बिगड़ रही है, गंभीर स्थिति में अस्पताल तक भर्ती करना पड़ रहा है और मौत के मामले भी सामने आ चुके हैं।

### स्टेट मास्ट्रस गेम्स प्रतियोगिता 9 व 10 नवंबर को उज्जैन में



**सीहोर**। स्टेट मास्ट्रस गेम्स उज्जैन में 6 वी स्टेट मास्टर्स गेम्स प्रतियोगिता 9 व 10 नवम्बर 2025 को उज्जैन के महानन्दा खेल एरिना में आयोजित होगी। मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन सीहोर की सचिव अफशा सिद्दिकी ने बताया कि मास्टर्स गेम्स प्रतियोगिता में 30 से 35 वर्ष, 35 से 40 वर्ष से पांच के अंतराल के साथ 90 वर्ष के आयु समूह में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता मे एथलेटिक्स, कबड्डी, बैडमिंटन, पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग, वालीबॉल, आर्म रेरूलिंग, फुटबॉल, हॉकी आदि खेलों के मुकाबले आयोजित होगें। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगें। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिनांक 9 नवम्बर से पहले होमगार्ड ग्राउण्ड मंडी सीहोर पर पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## आरोपः आष्टा के निजी स्कूल प्रबंधन की प्रताड़ना से तंग आकर अंतर्राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी ने की खुदकुशी







**सीहोर**। जिले के आष्टा स्थित एक निजी स्कूल में मार्शल आर्ट कोच के रूप में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय जुजित्सु खिलाड़ी और एशियाई कांस्य पदक विजेता रोहिणी कलम (35) ने रविवार को देवास स्थित अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रोहिणी की मौत के बाद जहां शहरवासियों के साथ-साथ पूरा खेल जगत सदमे में है, वहीं उनके परिजनों ने रोहिणी के आत्महत्या करने के पीछे आष्टा के स्कूल प्रबंधन की प्रताड़ना को मुख्य कारण बताया है।

जानकारी के अनुसार रोहिणी कलम सीहोर जिले के आष्टा में एक निजी स्कूल में मार्शल आर्ट कोच के तौर पर कार्यरत थीं और वह एक दिन पहले शनिवार को ही अपने अर्जुन नगर, राधागंज स्थित घर देवास लौटी थीं। परिजनों के मुताबिक रविवार सुबह तक सब कुछ सामान्य था। रोहिणी ने परिवार के सदस्यों के साथ नाश्ता भी किया था, लेकिन इसके बाद उनके पास एक फोन आया, जिसके बाद वह कमरे में चली गईं। काफी देर तक बाहर न आने पर उनकी छोटी बहन रोशनी कलम ने कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो रोहिणी को फंदे से लटका पाया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के समय रोहिणी के माता पिता घर पर मौजूद नहीं थे।

### स्कूल प्रबंधन पर प्रताड़ना का आरोप

हालांकि पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन रोहिणी की बहन रोशनी कलम ने आरोप लगाया है कि रोहिणी कलम आष्टा के निजी स्कूल प्रबंधन की प्रताडऩा से मानसिक रूप से परेशान थीं और इसी कारण उन्होंने इतना बड़ा कदम उठाया है।

**बड़े पदक किए थे नाम :** रोहिणी कलम जुजित्सु की अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी थीं। उन्होंने पिछले साल अबू धाबी में हुए इंटरनेशनल जुजित्सु टूर्नामेंट में देश के लिए कांस्य पदक जीता था। रोहिणी ने वर्ष 2007 में अपने खेल करियर की शुरुआत की थी और 2015 से पेशेवर रूप से जुजित्सु (जापानी मार्शल आर्ट) से जुड़ी थीं। वह भारतीय जुजित्सु संघ की महासचिव के पद पर भी कार्यरत थीं।

### जांच की जा रही है

बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि रविवार दोपहर 2 बजे सूचना मिली कि अंतर्राष्ट्रीय जुजित्सु खिलाड़ी रोहिणी कलम (32 वर्षीय) को मृत अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया है। थाना बीएनपी में मर्ग पंजीबद्ध कर शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है और आगे की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि मृतिका के परिजन अभी बाहर हैं, उनके बयान लेने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा और आरोपों की सच्चाई सामने आएगी।

### सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी रात्रि गश्त को लेकर एसपी से की चर्चा

# 10 लाख की चोरी से आहत माहेश्वरी समाज ने विधायक व पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर की नेहरू कॉलोनी में खुशबू ज्वेलर्स के मालिक राजू झंवर के घर हुई 10 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात की चोरी की घटना के बाद माहेश्वरी समाज में पुलिस के प्रति गहरी नाराजगी व्याप्त है। कोतवाली थाना पुलिस द्वारा अब तक चोरों के गिरोह का कोई सुराग नहीं लगाए जा सकने के कारण सोमवार को समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और पीड़ित परिवार के सदस्यों ने सीधे विधायक सुदेश राय और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में समाज ने विधायक से मांग की कि नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों पर तत्काल अंकुश लगाया जाए और राजू झंवर के यहां हुई बड़ी चोरी के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।विधायक सुदेश राय ने माहेश्वरी समाज के लोगों से मुलाकात के दौरान कहा कि शहर में बढ़ती चोरियों की वारदातें दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने नागरिकों से भी सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा, सब कुछ पुलिस के भरोसे भी नहीं छोड़ा जा सकता है, नागरिकों को भी सतर्क रहना होगा। विधायक ने समाज को आश्वस्त किया कि वह जल्द ही पुलिस अधीक्षक से इस संबंध में बात करेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र के साथ-साथ रात्रि गश्त को और भी मजबूत बनाने तथा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के लोगों की गिरफ्तारी के संबंध में वह पुलिस अधीक्षक से चर्चा करेंगे। इधर समाजजनों द्वारा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला को भी ज्ञापन सौंपा है।

## खबर संक्षेप



### पातालेश्वर शिव मंदिर में अन्नकूट का आयोजन

**भैरूंदा।** नगर में स्थित प्राचीन पातालेश्वर शिव मंदिर सुदामापुरी में रविवार को अन्नकूट का आयोजन किया गया ।जिसमें भगवान का विशेष श्रृंगार एवं 56 भोग लगाकर प्रसादी वितरण की गई। भगवान शिव को विशेष रूप से श्रीनाथ जी के स्वरूप में श्रृंगार कर सजाया गया। इससे पहले सुदामापूरी के मोहल्ले में रहने वाले प्रत्येक घर से भगवान के लिए प्रसादी बनकर आई, जिससे भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया ।आरती के पश्चात उपस्थित सभी भक्तों को अन्नकूट का प्रसाद परोसा गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामूहिक एकता एवं संस्कृति गौरव का भी प्रतीक है ।भक्तों ने इस अवसर पर भगवान महादेव से समृद्धि एवं सुख शांति की कामना की।

### फील्ड अधिकारियों को दिन में एक बार हाजिरी लगानी होगी

**सीहोर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा फील्ड अधिकारियों के लिए सैल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जे.ई. एवं उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कंपनी ने कहा है कि बिजली आपूर्ति की निर्बाधता सुनिश्चित करने की बढ़ती चुनौतियों एवं कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर उपस्थित रहते हैं, जिससे वे नियमित उपस्थिति समय-सारणी का पालन नहीं कर पाने की स्थिति में होते हैं।

#### महाविद्यालय में छात्र-छात्राओ की कॉपी अन्य लोग द्वारा चेक करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य के विरोध में धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

### मीडिया को भी जवाब देने से आई बचती नजर, कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी देने से किया मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

पिछले कई दिनों से रेहटी शासकीय महाविद्यालय में सोशल मीडिया पर चर्चाओ का विषय बना हुआ है, जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य के भतीजे एवं आउटसोर्स कर्मचारी द्वारा छात्र-छात्राओं की कॉपी चेक करते हुए, बिडीओ सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसके बाद से ही पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया। जिसको लेकर आज शासकीय महाविद्यालय रेहटी के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में उग्र प्रदर्शन करते हुए, महाविद्यालय के सामने में नारे लगाकर प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा किए गए प्रदर्शन के बाद मीडिया लोगों ने इस मामले में प्रिंसिपल अंजलि गढ़वाल से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

वहीं जिन आउटसोर्स कर्मचारी द्वारा कॉपी चेक करते हुए, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है, उनके खिलाफ व महाविद्यालय की प्राचार्य के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की छात्र-छात्राओं ने मांग की है। जिसको लेकर आज उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्य को ज्ञापन सौपा और सभी आउटसोर्स कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही करने की अपील की है। वहीं छात्रों का कहना है कि यह मामला केवल रेहटी कॉलेज का नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के छात्रों का यही हाल है, जहां एक-एक दो-दो नंबरों से छात्रों को फेल कर दिया जाता है। जब ऐसे बिना डिग्री वाले कर्मचारी कॉलेज के छात्र-छात्राओं की काफी चेक करने के लिए, अपने घर ले जा रहे हैं, और अपने रिश्तेदार से काफी चेक करवा रहे हैं। देखा जाए तो सीधा-सीधा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वही देखने वाली बात है कि जिस तरह से छात्र-छात्राओ फैल हो रहे है, जो प्राचार्य की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे है, क्योकि कालेज से बाहर काफिया ले जाकर चेक करना क्या सही है। हो सकता है, छात्र-छात्राओ को फैल करने के बाद उनपर दबाव बनाते, ओर फिर उनसे राशि की मांग करने की सम्भावनाओ से इन्कार नही किया जा सकता है।



वहीं लगातार सोशल मीडिया पर रेहटी महाविद्यालय का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, परंतु प्रशासन पूरे मामले पर कार्यवाही करने की वजह मामले को दबाने में लगे हुए हैं, जिसको लेकर आज छात्रों ने कॉलेज के सामने प्रदर्शन किया। वहीं छात्रों ने बताया कि तीन दिवस के अंदर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती, तो कॉलेज के छात्र रेहटी से लेकर भोपाल तक पैदल यात्रा कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे।

## अपहरण की गई बेटियों का नहीं लगा अब तक सुराग आदिवासी कोरकू समाज ने एसपी को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बिलकिसगंज थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम जामुन छापरी से अगवा की गई दो नाबालिग लड़कियों का सुराग लगाने में पुलिस नाकाम बनी हुई है जबकि नाबालिक बच्चियों के परिजनों ने शंका के आधार पर संभावित आरोपियों के नाम के साथ एफ आई आर भी दर्ज कराई है।

नाबालिग बेटियों को तलाशने और आरोपियों को सख्त सजा देने की मांग को लेकर सोमवार को कोरकू आदिवासी समाज के लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रमुख जगदीश कुशवाहा के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला को ज्ञापन दिया है। इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रमुख कुशवाहा ने बताया की लव जिहाद को अंजाम देने के लिए विशेष वर्ग के लोगों के द्वारा एक माह पहले जिले के बिलकिसगंज थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम जामुन छापरी से अगवा की गई दो नाबालिक लड़कियों का सुराग लगाने में पुलिस नाकाम बनी हुई है ग्राम जामुन छापरी की दो बालिकाएं बीते 4 अक्टूबर से लापता है। सीसीटीवी फुटेज में दोनों बालिकाएं विशेष वर्ग के साथ बाइक पर कहीं जाती हुई दिखाई दी हैं। बालिकाओं के परिजनों के द्वारा उन्हें हर जगह तलाश गया है लेकिन बालिकाओं का कोई भी पता नहीं चल पा रहा है। बिलकिसगंज थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है लेकिन वहाँ से भी कोई सूचना प्राप्त नहीं हो रही है जिस से संपूर्ण आदिवासी कोरकू समाज में आक्रोश बना हुआ है।



आदिवासी कोरकू समाज और विश्व हिंदू परिषद भयानद दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा उक्त बालिकाओं को जल्द से जल्द पता लगाकर कुशलता पूर्वक परिवारजनों को सौंपने की मांग जिला पुलिस अधीक्षक से की गई है। ज्ञापन देने वालों में देवीलाल पटेल, कमलेश चौहान,काशीराम मांझी,गुलाब सिंह पाव,सुनील बलदाऊ,अंकित सहित बड़ी संख्या में आदिवासी कोरकू समाज के ग्रामीण जन शामिल रहे।

## राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में वैदिक चौहान ने शहर को किया गौरवान्वित

**सीहोर।** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के उज्जैन में अयोजित हुई। 69 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कुश्ती का आयोजन 23 से 27 सितंबर 2025 तक उज्जैन संभाग में किया गया, जिसमें सभी संभाग के प्रतियोगियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में भोपाल संभाग को प्रेजेंट कर रहे सीहोर जिले से लूर्दमाता हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी शलभ-अनामिका चौहान के सुपुत्र वैदिक चौहान (कान्हा) ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर भोपाल संभाग और सीहोर जिले का गौरव बढ़ाया। वैदिक चौहान की इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक, कोच लोकेंद्र परमार और उनके सहपाठियों सहित परिजनों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वैदिक चौहान की इस जीत से सीहोर जिले का नाम रोशन हुआ है और उन्हें भविष्य में और भी सफलता मिलने की उम्मीद है। वैदिक ने इस उपलब्धि का श्रेय उनके शिक्षक, कोच एवं माता-पिता को दिया है।



## महिला कांग्रेस अध्यक्ष की नवीन नियुक्ति के लिए महिला कांग्रेस नेत्रियों से लिए बायोडाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल एवं मध्य प्रदेश महिला कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नूरी खान के निर्देश पर महिला कांग्रेस संगठन सृजनात्मक कार्यक्रम के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजरात की अध्यक्षता, सीहोर जिला प्रभारी चंदा चौहान, महक राणा के विशेष आतिथ्य एवं आयोजन कर्ता महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर की उपस्थिति में दिनांक 27 अक्टूबर 2025, सोमवार को जिला मुख्यालय कांग्रेस कार्यालय बस स्टैंड सीहोर में जिले के वरिष्ठ नेताओं व महिला कांग्रेस नेत्रियों की उपस्थिति में महिला कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक आयोजित कर नवीन महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेतु रायसुमारी की गई। सर्व प्रथम अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेट कर महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर ने सभी महिला कांग्रेस नेत्रियों को संगठन सृजन अभियान के तहत हो रही रायसुमारी के बारे में विस्तार से बताया।



इस मौके पर महिला कांग्रेस नेत्रियों से महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेतु चर्चा की गई एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद उम्मीदवार हेतु बायोडाटा लिये गये।

ज्ञातव्य है कि पूर्व में भी जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए भी संगठन सृजन का कार्यक्रम हुआ था। इसी तारतम्य में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिये भी नवीन नियुक्ति हेतु रायसुमारी की गई। इस अवसर पर मीरा रायकवार, तबस्सुम खान, ममता कीर, दिप्ती कीर, ममता ठाकुर, ममता शर्मा, तेजु सौलंकी, रीना मालवीय, तेजु चौहान, विन्दा बाम्बे, अनिता कीर, शाहना बी, रमा पटेल, नीतु यादव, तेज कोर चौहान, मंजु प्रजापति, रेखा योगी, बेगम बाई, रीचा योगी, बविता, ऋष्टा सोनी, संगीता प्रजापति, प्रीतम दयाल चौरसिया, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, रामनारायण शर्मा, देवीसिंह तंवर, कृपाल मालवीय, प्रेम गुप्ता, अब्बास पार्षद, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, विनीत गोयल, गजराज परमार सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### सनाढ्य ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया




**सीहोर।** शहर के भोपाल नाका स्थित एक निजी गार्डन में सनाढ्य ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष पंडित अनिल उपाध्याय और कार्यकारी अध्यक्ष पंडित मुरली शर्मा सहित अन्य ने यहां शामिल करीब 40 से अधिक प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरिओम दाऊ, पंडित शैलेष तिवारी, महिला मंडल की अध्यक्ष उषा श्रोत्रिय और कार्यकारी अध्यक्ष मुरली शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष आजाद पाराशर आदि ने संबोधित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष पंडित अनिल उपाध्याय और कार्यकारी अध्यक्ष पंडित मुरली शर्मा ने बताया कि सनाढ्य ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में पारिवारिक दीपावली समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें महिला वर्ग में मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता, बालक-बालिका वर्ग में चेयररेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें करीब 40 से अधिक प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## दो दिन में 3.7 मिमी औसत बारिश हुईः मानसून की वापसी के बाद भी वर्षा जारी, तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में लगातार दूसरे दिन मौसम का मिजाज बदला हुआ रहा। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। जिले के कई इलाकों में दिनभर रुक-रुक कर रिमझिम बारिश जारी है। खास बात यह है कि मानसून की वापसी के बाद भी यह लगातार दूसरा दिन है जब मौसम में ठंडक और नमी महसूस की गई।



मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, बीते दो दिनों से जिले में मानसून फिर से सक्रिय है। सोमवार को जावर में 8 मिमी, सीहोर में 1 मिमी, श्यामपुर में 2.5 मिमी, आष्टा में 2 मिमी, इछावर में 7 मिमी, भेरूंदा में 5 मिमी और रेहटी में 4.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस तरह बीते 24 घंटों में जिले में कुल 3.7 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई। बारिश के इस सीजन को देखते हुए 1 जून से अब तक जिले में कुल 1094.3 मिमी बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले साल इसी अवधि में 1167.8 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। यानी इस बार अब तक पिछले साल के मुकाबले कम बारिश हुई है।

सीहोर में 930 मिमी, श्यामपुर में 957 मिमी, आष्टा में 903 मिमी, जावर में 818 मिमी, इछावर में 982 मिमी, भेरूंदा में 1243 मिमी, बुधनी में 1590 मिमी और रेहटी में 1330 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। गौरतलब है कि इस साल सीहोर जिले में मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी।

बावजूद इसके, जिले में औसत बारिश का आंकड़ा अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इसी कारण पिछले साल की तुलना में इस वर्ष जिले में अब तक कम वर्षा दर्ज हुई है।

#### ओवरब्रिज से राम मंदिर तक लुनिया मोहल्ले में बन रही है पक्की सड़क

# नागरिकों को 25 साल बाद मिली कच्ची ऊबड़ खाबड़ कीचड़ वाली सड़क से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लुनिया मोहल्ले में 25 साल बाद कंक्रीट की पक्की सड़क बनना शुरू हो गई है। लुनिया चौराहा ओवरब्रिज से माता मंदिर होकर श्री राम मंदिर तक 17 लाख रुपए की लागत से यहां सीसी सड़क बनाई जा रही है। सड़क निर्माण शुरू होने से नागरिकों में उत्साह खुशी का माहौल बना हुआ है।

क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि बीते 25 सालों में अनेक जनप्रतिनिधियों ने इस सड़क को बनाने का आश्वासन तो दिया था लेकिन चार पार्षद और चार नगर पालिका अध्यक्ष इस सड़क को बनाने में असमर्थ रहे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और वार्ड पार्षद सपना मालवीय ने नागरिकों के 25 साल पुराने सपने को साकार कर दिया है। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 20 लुनिया मोहल्ले के नागरिकों को 25 साल बाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की शहर विकास की महत्व आकांक्षा और पार्षद सपना रवि मालवीय की वार्ड विकास परिकल्पना के सक्रिय प्रयास से लुनिया चौराहा ओवर ब्रिज से श्री राम मंदिर लूनिया मोहल्ला तक सीमेंटेड सड़क की बड़ी सौगात मिल गई है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि सड़क बनने के बाद बरसों पुरानी कीचड़ और पुरानी सड़क से जहां निजात मिल जाएगी वहीं माता मंदिर और राम मंदिर पूजन कीर्तन करने आने जाने में भी अब परेशानी नहीं होगी। सड़क नहीं होने के कारण कई बार एंबुलेंस चालक ऑटो चालक माल वाहक वाहन चालक गाड़ियां अंदर लाने से इनकार करते थे जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लगभग आधा किलोमीटर सड़क पर हमेशा कीचड़ गंदगी बनी रहती थी लूनिया मोहल्ले कुछ अन्य सड़के भी बनना बाकी हैं जिसके लिए पार्षद सपना रवि मालवीय के द्वारा निर्माण कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर नगर पालिका कार्य योजना समिति को दिए गए हैं। लुनिया मोहल्ले के रंजीत वर्मा विजेंद्र कौशल, जितेंद्र चौरसिया, सन्नी लूनिया, फूल सिंह, अमर सिंह, सावन लूनिया, कुंदन वर्मा,ओम सिंह बिजोरिया आदि नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और पार्षद सपना मालवीय का सड़क निर्माण कराए जाने को लेकर आभार व्यक्त किया है।



## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक आयोजित

**सीहोर** । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता को हनुमान जी की तरह रामकाज के लिए सक्रिय रहना चाहिए कपाल पर तिलक दंड और भगवा केसरिया गमछा हमारी पहचान होना चाहिए। बिधर्मी चुप बैठने को तैयार नहीं है राष्ट्र को गोमाता को और सनातन धर्म के लोगों को अपमानित करना नुकसान पहुंचाना उनका लक्ष्य है इसी प्रकार हमारा लक्ष्य राष्ट्र की रक्षा गोमाता की रक्षा बहन बेटियों की रक्षा सनातन हिंदू धर्म की रक्षा होना चाहिए।

उक्त बात विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक में रविवार को प्रखंड कार्यकर्ताओं प्रखंडों के अध्यक्ष संयोजक मंत्री को संबोधित करते हुए प्रांत मंत्री नवल सिंह भदोरिया प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी प्रांत सह.संयोजक लोकेंद्र मालवीय ने संयुक्त रूप से कहीं।

बैठक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से विभाग सयोजक राजू मीणा विभाग सह.मंत्री मोहन भाटी विभाग संगठन मंत्री भानु राजपूत सीहोर ग्रामीण संगठन मंत्री कुनाल जिला अध्यक्ष रेवाशंकर जाट, जिला मंत्री राजेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रमा सिंह, दुर्गा वाहिनी संयोजिका नीलू चौहान, जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा, जिला सह मंत्री कमलेश कुकंदा, कोषाध्यक्ष महेश मेवाड़ा,जिला सह संयोजक आशीष सिसोदिया जिला सह संयोजक सुरेश दांगी,जिला धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाहा,जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर, नगर अध्यक्ष परम सिंह जाट, आशीष कुशवाहा नगर उपाध्याय ,नगर मंत्री यज्ञेश, नगर सह संयोजक समीर राय, नगर सुरक्षा प्रमुख शुभम मालवीय, रोहन यादव गो रक्षा प्रमुख क्षितिज श्रीवास्तव सह. विशष संपर्क सुनील वर्मा समरसता प्रमुख गिरीश पाठक सह.मंत्री हेमंत विश्वकर्मा सह.मंत्री चेतन वर्मा सह.समरसता भगवान कुशवाहा सह.सुरक्षा सुशील उपाध्याय मठ मंदिर एवं समस्त 10 प्रखंडों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



प्रसूताओं से जुड़े शिविरों में लापरवाही पर स्वास्थ्य मंत्री के दखल के बाद कार्रवाई

# प्रभारी सीएस, आरएमओ, 3 बीएमओ व 5 डॉक्टर्स सहित 14 को नोटिस

## नोटिस का संतोषप्रद जवाब न मिलने पर होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला अस्पताल समेत जिले की अन्य 10 स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष शिविरों का आयोजन करवाया गया था। लेकिन इन शिविरों के आयोजन में जिम्मेदारों ने खासी लापरवाही बरती जिसके चलते गर्भवती माताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के इस लापरवाह रवैये को लेकर मीडिया द्वारा प्रमुखता से खबरों का प्रकाशन किया गया। प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को इस गंभीर लापरवाही के संबंध में सोशल मीडिया पर जानकारी मिलने के बाद उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रशासन को जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए।

इस पर अमल करते हुए सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने प्रभारी सिविल सर्जन, आरएमओ, ब्यावरा सिविल अस्पताल अधीक्षक, जिला अस्पताल प्रबंधक, तीन ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, पांच डॉक्टर्स, तीन ब्लॉक प्रोग्राम मेनेजर सहित 14 अधिकारी, कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।


सीएमएचओ के निरीक्षण में राजगढ़, खुजनेर, ब्यावरा में मिलीं कई अव्यवस्थाएं

प्रसूताओं से जुड़े मातृत्व शिविरों में भी जिम्मेदारों ने बरती लापरवाहियां

नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

खुजनेर में अव्यवस्था पर संस्था प्रभारी तलब

नरसिंहगढ़ क्षेत्र में 3 मेडिकल स्टोर किए सील

गर्भवती महिलाओं की सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

### इन अधिकारियों को जारी हुए नोटिस

शिविरों से सीधे जुड़े जिन जिम्मेदार अधिकारियों को शोकाज नोटिस दिए गए हैं उनमें प्रभारी सिविल सर्जन डॉ पीके जैन, आरएमओ अमित कोहली, जिला अस्पताल प्रबंधक डॉ देवाशीष मर्सकूले, डॉ अंजली माथुर, ब्यावरा अस्पताल अधीक्षक डॉ. सोरेन दत्ता, सीबीएमओ डॉ. जलालुद्दीन शेख, डॉ एस.के. मित्तल, डॉ डी.आर. पच्चीसिया, डॉ आर.के. जैन, डॉ शीला सिंह सहित बीपीएम में रामबाबू दांगी, रवि पिपलोटिया, राजेश यादव को शोकाज नोटिस देने की कार्यवाही की गई है।

### 10 स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित हुए थे शिविर

आपको बतादें कि शनिवार को जिला चिकित्सालय समेत 10 स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविरों का आयोजन किया गया था। इन शिविरों में व्यवस्थाएं और गर्भवती महिलाओं को सही जाँच-उपचार मिल रहा है या नहीं, इसकी निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी।

### संतोषजनक जवाब न मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया कि बड़ी कार्यवाही के पूर्व फिलहाल कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं ताकि जिम्मेदारों का पक्ष भी जान लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि नोटिस का जवाब संतोषप्रद प्रतीत नहीं हुआ और जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी की लापरवाही सिद्ध होती है, तो उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को भविष्य में गर्भवती महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता और सेवाओं में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सीएमएचओ डॉ. पटेल ने भी शनिवार को स्वयं राजगढ़, खुजनेर और ब्यावरा का भ्रमण किया था। वहीं खिलचीपुर सहित अन्य संस्थाओं का भ्रमण जिला अधिकारियों द्वारा किया गया। जहां जहां शिविरों में खामियां दिखाई दीं वहां के जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर सीएमएचओ ऑफिस तलब किया गया है।

जिला अस्पताल के सामने स्थित फॉरेस्ट की वाटिका का मामला

# मेंटेनेंस के अभाव में टूट-फूट रहे ओपन जिम के उपकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

वन विभाग द्वारा कुछ वर्षों पूर्व स्थानीय नवीन जिला अस्पताल के ठीक सामने स्थित वनवाटिका में बच्चों सहित आमजनों के व्यायाम आदि के उद्धेश्य से ओपन जिम के कई उपकरण लगवाए गए थे। लेकिन, विभाग द्वारा इन उपकरणों के रख-रखाव और मेंटेनेन्स की तरफ ध्यान नहीं दिए जाने से ये उपकरण धीरे-धीरे टूट-फूटकर अनुपयोगी होते जा रहे हैं। आलम यह है कि लगभग सभी उपकरणों के नट-बोल्ट ढीले हो चुके हैं जिसकी वजह से संबंधित उपकरण का एलाईनमेंट ही पूरी तरह खराब हो चुका है। बेड एलाइनमेंट वाले इन उपकरणों पर कसरत या व्यायाम करने से फिजिकल फिटनेस परफेक्ट रहना तो दूर उलटे बच्चों, आमजनों की मसल्स, हड्डियों आदि के लिए ये खतरा साबित हो सकते हैं। विभाग द्वारा इसी वाटिका में इन दिनों हजारों रुपयों की लागत से सौंदर्यीकरण, पौधरोपण सहित अन्य कार्य करवाए जा रहे हैं परन्तु ओपन जिम के खराब हो रहे उपकरणों पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा है।

### उपकरणों को दुरुस्त करवाने की मांग

विभाग को ओपन जिम के इन उपकरणों का समय-समय मेंटेनेन्स करवाते रहना चाहिए था, लेकिन इस ओर जिम्मेदारों ने कभी ध्यान ही नहीं दिया। वनवाटिका में प्रतिदिन ध्यान, योग, व्यायाम करने आने वाले बच्चों सहित अन्य लोगों ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि इन उपकरणों को दुरुस्त करवाया जाए ताकि ये महज शोपीस बनकर न रह जाएं।



### प्रथम पुण्यतिथि पर ग्रामवासियों ने किया याद

**ब्यावरा।** समाजसेवी के रूप में अपने परिवार व गांव की चिंता करने वाला राजाराम दांगी पिछले साल एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था जिसके बाद कई दिनों तक भोपाल में इलाज कराने के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका था। ग्रामीणों ने अपने समाजसेवी बेटे के लिए आज शासकीय अस्पताल में फल वितरण करेंगे।

## मेड़तवाल समाज की आराध्य देवी फलोदी माता मंदिर में 30 अक्टूबर को किया जाएगा 56 भोग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर



मेडतवाल समाज के तीर्थस्थल रामगंज मंडी खैराबाद स्थित श्रीफलोदी माता मंदिर में अन्नकूट महोत्सव 30 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर 56 भोग का महाप्रसाद फलोदी माता को अर्पित किया जाएगा।

अखिल भारतीय मेड़तवाल (वैश्य) समाज के ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री विष्णुप्रसाद करोड़िया ने बताया कि आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। अन्नकूट महोत्सव के संयोजक के रूप में मोहनलाल चैधरी को नियुक्त किया गया है। देशभर से मेडतवाल समाज के हजारों श्रद्धालु खैराबाद पहुंचेंगे तथा अन्नकूट महोत्सव के साथ आयोजित महाआरती में सहभागी बनेंगे। समाज के राष्ट्रीय महामंत्री पुरूषोतम घाटियां ने बताया कि मंदिर में सालभर विभिन्न धार्मिक पर्वों पर विशेष पूजन-अभिषेक का आयोजन किया जाता है। अन्नकूट महोत्सव न केवल समाज में भक्ति और एकता का संदेश देता है, बल्कि मेड़तवाल समाज के सामाजिक-सांस्कृतिक मेल-मिलाप का भी प्रतीक है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन को पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामगंजमंडी व खैराबाद में ठहरने हेतु धर्मशालाएं और होटल उपलब्ध है ओर श्रीफलोदी सेवा सदन में भी दर्शनार्थियों के लिए आवास व्यवस्था की गई है वहीं समिति ने सुरक्षा, स्वच्छता और प्रसाद वितरण की व्यवस्थाओं को लेकर विशेष प्रबंध किए है।

## मन की बात कार्यक्रम सुनकर मंत्री टेटवाल ने लिया स्वदेशी का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

रविवार को स्थानीय सेवासदन कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रधानमंत्री के प्रेरक विचारों से प्रभावित होकर मंत्री टेटवाल ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के हृदय को छूने वाला लोकसंवाद है, जो जनसेवा, राष्ट्रनिर्माण और समाज के प्रति समर्पण की भावना को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि आज का संदेश जनभागीदारी, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के संकल्प को और दृढ़ करता है। कार्यक्रम के बाद मंत्री टेटवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान के तहत भारत आत्मनिर्भर अभियान का संकल्प पत्र भरकर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लिया। और कहा कि हम सबने ठाना है कि भारतीय उत्पादों का उपयोग करेंगे, स्थानीय उद्योगों व कारीगरों को प्रोत्साहित करेंगे, और 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाएंगे। अंत में मंत्री टेटवाल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।

### गर्व से कहो- हम स्वदेशी हैं

स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करें और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, सीएमओ ज्योति सुनेरे, सुधीर श्रीमाल, नवीन रुण्डवाल, राजेश बंसल सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मंत्री पंवार ने बूथ 19 पर सुनी पीएम मोदी के मन की बात



**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने रविवार को बूथ 19 मुल्तानपुरा बूथ अध्यक्ष बनवारी पुष्पद के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी के माध्यम से अपने 127वें 'मन की बात' एपिसोड में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर होने वाली मैराथन दौड़ का जिक्र किया और उनकी जयंती मनाने का संदेश दिया साथ ही जीएसटी बचत उत्सव का जिक्र किया और बताया कि इस बार स्वदेशी वस्तुओं की खरीद में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे त्योहारों की रौनक पहले से कहीं अधिक नजर आई। पीएम मोदी ने पिछले साल लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में रिया नामक मुधोल हाउंड कुत्ते की उपलब्धियों का भी स्मरण किया।

### नगर में आवारा कुत्ते व सुअर हटाने की मुहिम चलाई



**सारंगपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालिवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे के निर्देश पर नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों एवं सुअरों को नगर सीमा से बाहर करने की विशेष मुहिम चलाई गई। नगर में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से आम नागरिकों, विशेषकर छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों को हो रहे खतरे को देखते हुए नागरिकों व जनप्रतिनिधियों की शिकायतों पर यह कार्रवाई की गई। रविवार को नगर पालिका सारंगपुर के सफाई अमले द्वारा विशेष टीम गठित कर नगर के विभिन्न वार्डों से लगभग 25 से 30 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया और उन्हें नगर से बाहर जंगल क्षेत्र में छोड़ा गया। शेष कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई निरंतर जारी है। साथ ही नगर में घूम रहे आवारा सुअरों के संबंध में सुअर पालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने सुअरों को बांधकर रखें या उन्हें नगर सीमा से बाहर करें। निर्देशों का पालन करते हुए सुअर पालकों द्वारा स्वयं अपने सुअरों को नगर से बाहर ले जाया गया। इस अभियान में स्वच्छता निरीक्षक प्रभारी सतीश कंडारे, सफाई दारोगा जितेंद्र भैरवे, तरुण दावरे एवं सफाई मित्रों की अहम भूमिका रही।

### हल्की बूदांबांदी के बाद ठंडक बढ़ी



**जीरापुर।** शनिवार को बेमौसम बारिश होने से वातावरण में ठंडक घुल गई। पूरा प्रकृति वातावरण शुष्क बना रहा तथा रविवार को प्रातः हल्की-हल्की धुम नजर आई लेकिन लगभग दोपहर 12 बजे से बारिश के हालात निर्मित हुए एवं बुंदाबांदी सहित फब्बारे के रूप में बारिश शुरू हुई, जिससे सड़कें एवं रास्ते तर-बतर हुए।हालांकि गेहूं चना धनिया कि बुआई भी शुरू हुई जिससे किसानों को इस, हल्की-हल्की बारिश से राहत महसूस हुई है।

### ब्यावराकला में विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**खिलचीपुर।** रविवार को खिलचीपुर जनपद के ग्राम पंचायत ब्यावराकला में स्थित शिव मंदिर पर सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख रुपए तथा हनुमान मंदिर चैराहे पर सामुदायिक भवन हेतु 5 लाख रुपए की लागत के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भाजपा मेहरबान सिंह दांगी, जिला सहकोषाध्यक्ष बालचन्द दांगी,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील नैनावद सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गण, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

कथावाचन कविता नागर राजगुरु के मुखारविंद से

### भूरी का मैदान प्रांगण में तीन दिवसीय नानी बाई को मायरो कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर भूरी का मैदान प्रांगण में महिला मंडल के तत्वावधान में तीन दिवसीय नानी बाई को मायरो कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ। कथा वाचन कविता नागर राजगुरु द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल की सभी सदस्याओं ने पीले वस्त्र धारण कर संत राजगुरु मंदिर से भेरू दरवाजा होते हुए शोभायात्रा निकालकर किया।

कथा का शुभारंभ रात्रि 8 बजे हुआ जो रात्रि 11 बजे तक चला तथा समापन भोलेनाथ की आरती के साथ हुआ। कथा रविवार तक प्रतिदिन रात्रि 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। मंदिर की वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सेविकाओं ने समस्त धर्मप्रेमी महिलाओं से निर्धारित समय पर कथा श्रवण के लिए आने की अपील की है। कार्यक्रम की विशेषता यह है कि संपूर्ण आयोजन व्यवस्थाओं से लेकर संचालन तक कृ भूरी का मैदान महिला मंडल एवं मंदिर सेविकाओं द्वारा ही किया जा रहा है। इस पुण्य कार्य में कृष्णा बाई चौहान, ललिता राठौर, निर्मला राठौर, गौराबाई राठौर, आशा सोनी, राधा चैहान एवं गोरा बहन चौहान सहित अनेक सेविकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सुकल्या में मन की बात का कार्यक्रम सुना

## देश आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर : प्रदेश उपाध्यक्ष




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

समीपस्थ ग्राम सुकल्या में रविवार सुबह 11 बजे बूथ क्रमांक 215 पर बूथ अध्यक्ष जगदीश दांगी की अध्यक्षता में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, विधायक मोहन शर्मा सहित सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण जनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 127 वी एपिसोड सुना। जिसमें उन्होंने आत्मनिर्भर भारत, भारतीय संस्कृति,150 वी वंदेमातरम की वर्षगांठ, वोकल फॉर लोकल एवं सोशल मीडिया के कलाकारों के बारे में बताया गया। मन की बात के प्रभारी दिनेश दांगी, सरपंच प्रतिनिधि मोहन दांगी व मंडल अध्यक्ष रवि मीणा द्वारा नवनियुक्त प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा का 11 किलो की माला पहनाकर ग्रामीण जनों ने स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा की केंद्र सरकार द्वारा पिछले दिनों जी.एस.टी कम होने से इस बार दीपावली के उत्सव रोनक आ गई ,हमारे देश से निर्यात ज्यादा आयात कम हो रहा है हम आत्मनिर्भर बन रहा है।

### संगठन और सरकार को मजबूत करें: जिला अध्यक्ष

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि हम बूथ पर मजबूत थे तभी हम विधानसभा व लोकसभा चुनाव जीते हैं सरकार की योजना की माध्यम से सरकार और संगठन मजबूत करें।

### स्वदेशी अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए स्टीकर



**ब्यावरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने कार्यकर्ताओं से लोकल फॉर वोकल अभियान को मिलकर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने के संदेश को हर घर तक पहुंचाना है और युवाओं को इस मुहिम से जोड़कर अभियान को चरम पर ले जाना है।नगर के सभी 18 वार्डों में घर घर स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत अभियान के स्टिकर लगाए और दुकानदारों को स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री के लिए जागरूक करने पर भी बात कही हमारे क्षेत्र में बन रही वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने तथा स्कूलों में जाकर स्वदेशी के प्रति जागरूकता फैलाने को अभियान का हिस्सा बनाने की बात कही गई।

सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोलीं प्रांत संयोजिका

## परिवार को टूटने न दें बल्कि जोड़ने का प्रयास करें: नीता गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सप्तशक्ति संगम की प्रांत संयोजिका नीता गोस्वामी ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को दिशा देने और संस्कारयुक्त पीढ़ी तैयार करने के लिए संयुक्त परिवार प्रणाली को पुनर्जीवित करना नितांत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आज भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में परिवारों की आत्मा खोती जा रही है। केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, प्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। भारतीय संस्कृति में स्त्री को परिवार और समाज की धुरी कहा गया है। स्त्री का जीवन "पंच पदी यात्रा" के रूप में पूर्ण होता है। पुत्री, बहन, पत्नी, माता और सास के रूप में। प्रत्येक भूमिका में संतुलन बनाए रखना ही परिवार की स्थिरता और एकता का आधार है। उन्होंने मातृशक्ति से आह्वान किया कि वे किसी भी परिस्थिति में परिवार को टूटने न दें, बल्कि सबको जोड़ने का प्रयास करें।



### एकल परिवार प्रवत्ति से आत्म केंद्रित हो रही जीवनशैली

मुख्यवक्ता ने कहा कि संयुक्त परिवार भारतीय संस्कृति की जड़ है। पहले एक ही छत के नीचे तीन-चार पीढ़ियां साथ रहती थीं, जहाँ बच्चों को बड़ों से स्नेह, अनुशासन और जीवन मूल्य सीखने को मिलते थे। अब एकल परिवार की प्रवृत्ति ने आत्मकेंद्रित जीवनशैली को बढ़ावा दिया है, जिससे परिवार और समाज दोनों में दूरी बढ़ी है। अतः अब समय आ गया है कि हम फिर से संयुक्त परिवार प्रणाली की ओर लौटें। कार्यक्रम में अंत में रामायण और महाभारत से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम को विद्या भारती की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रश्मि रघुवंशी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उमा सक्सेना, हेमलता साहू, प्रीति गौतम सहित अनेक मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### पीएमयूएम शिक्षक संघ ब्लॉक प्रभारी बने तिवारी

**चापडा।** पीएमयूएम शिक्षक संघ प्रांत अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया पवन खरे, प्रांत संयोजक एवं संस्थापक सतीश खरे, सह संस्थापक ब्रजेश असाटी की अनुशंसा पर बागली निवासी शिक्षक योगेश तिवारी को बागली ब्लॉक प्रभारी कर्मचारी कल्याण कोष के पद मनोनीत किया है। योगेश तिवारी ने बताया है कि संघ संगठन के पदाधिकारियों ने जो भरोसा मुझ पर जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। तिवारी के ब्लॉक प्रभारी बनने पर शिक्षक साथियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गुमशुदा नाबालिग बालकों को पुलिस ने चंद घंटों में ढूंढ निकाला

**देवास।** शनिवार को थाना बरोठा पर ग्राम कालोदिया के कुछ ग्रामीणजनों ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट की कि गांव के तीन नाबालिग बालक शुक्रवार सुबह से घर से बिना बताए कही चले गये हैं। परिजनों द्वारा स्वयं तलाश किए जाने पर यह ज्ञात हुआ कि तीनों बालक एक ढाबे पर देखे गए थे, जहां वे रात में रुके थे,परंतु प्रातः वहां से कहीं चले गए। मोबाइल फोन बंद आने से किसी अप्रिय घटना की आशंका है। उक्त घटना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गहलोद ने तत्काल नाबालिग बालकों की दस्तयाबी हेतू निर्देशित किया जिस पर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरोठा अजय गुर्जर के नेतृत्व में 03 विशेष पुलिस टीमों का गठन कर आस-पास के सीसीटीव्ही कैमरा चेक कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये एवं संभावित स्थलों की सघन तलाश प्रारंभ की। टीम द्वारा सोनकच्छ से आष्टा के बीच स्थित एक ढाबे पर पहुंचकर सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन किया गया,जिसमें तीनों बालक रात्रि में वहीं रुकते हुए दिखाई दिए। इसके आधार पर टीम ने नेवरी फाटा क्षेत्र में लगे कैमरों की जांच की, जिनमें बालक पैदल नेवरी की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस ने आसपास के गांवों में बनाये गये वाट्सएप ग्रुप में उक्त तीनों बालिकों की जानकारी साझा की।

अहमदपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नजर आ रही भ्रष्टाचार की दरारें

# 3 करोड़ से बन रहे नवीन स्वास्थ्य केंद्र भवन के घटिया निर्माण की खुलने लगी पोल

अहमदपुर के स्वास्थ्य केंद्र का ठेकेदार कर रहा गणवत्तावहीन निर्माण।




हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

अहमदपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बन रहे नवीन भवन का निर्माण कार्य शुरू से ही सवालों के घेरे में आ गया है। अनुमानित 3 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस भवन में अभी तक काम पूरा भी नहीं हुआ है कि जगह-जगह घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार की पोल खुलने लगी है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, निर्माणाधीन भवन की छत पर स्पष्ट दरारें दिखाई दे रही हैं, जो निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। बिल्डिंग अभी उपयोग के लिए तैयार नहीं हुई है, लेकिन उसमें आई दरारें स्पष्ट तौर पर बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रही हैं। अस्पताल परिसर में टूटे पाइप काली मिट्टी का उपयोग कर अस्पताल परिसर में पेपर ब्लॉक बिछाई जा रहे हैं। पहली बारिश में घटिया निर्माण की पेपर ब्लॉकों ने पोल खोल दी है हल्की बारिश के कारण पेपर ब्लॉक जगह-जगह बैठक खा गए हैं। पेपर ब्लॉक को छत पर पड़ी दरारों से साफ जाहिर होता है कि अस्पताल परिसर में किस तरह से अनियमिता कर ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य किया गया है।

### ठेकेदार कर रहा मरम्मत का दिखावा



मामले को सार्वजनिक होने से रोकने और अपनी नाकामी छुपाने के लिए, उप-ठेकेदार आनन-फानन में दरारों को ढकने और मरम्मत का कार्य करवा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मरम्मत केवल दिखावा है ताकि बिल्डिंग की खराब स्थिति पर पर्दा डाला जा सके और सरकारी फंड का दुरुपयोग छिपाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग और निर्माण एजेंसी की यह लापरवाही भविष्य में नवीन भवन निर्माण मरीजों और स्टाफ के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। यह नया भवन बनने से पहले ही जर्जर होता दिख रहा है। अहमदपुर के जागरूक नागरिकों ने इस पूरे निर्माण कार्य की उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों, मुख्य ठेकेदार और उप-ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि जनता के पैसे से हो रहे भ्रष्टाचार को रोका जा सके।

### बाउंड्रीवॉल की गिरने लगी सीमेंट



अस्पताल परिसर को कवर करने के लिए चारों ओर बाउंड्री बाल बनाई गई है। बाउंड्री वॉल पूरी तरह से कंप्लीट हो गई है बाउंड्री बाल की जगह-जगह से सीमेंट गिरने लगी है। टूटी बाउंड्रीवाल बया 'कर रही है कि किस तरह से बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य किया गया है।

### पानी की निकासी के टूटने लगे पाइप दुर्दशा कर रहे बया

निर्माण बिल्डिंग में पानी की निकासी के लिए पाइप का उपयोग किया गया है। बिल्डिंग बनकर कंप्लीट हो गई है लोकार्पण का इंतजार कर रही है लोकार्पण पर हुआ नहीं लेकिन पाइप टूटने लगे, करोड़ों की बिल्डिंग के पाइप लोकार्पण से पहले टूटने लगे हैं। वहीं इस पूरे मामले को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी को दूरभाष द्वारा हरिभूमि संवाददाता द्वारा दो बार इस पूरे मामले को लेकर फोन लगाया गया। लेकिन जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।



#### हम हैंडओवर नहीं करेंगे

इंजीनियर को बोला है बिल्डिंग की गुणवत्ता मापदंडों के आधार पर की जाए। तय मापडंडों के आधार पर बिल्डिंग कंप्लीट नहीं होती है तो हम हैंडओवर नहीं करेंगे।

**केसी मोनिया, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी**

#### जहां जो कमी है उसे दूर किया

पेपर ब्लॉक पर ट्रैक्टर ट्राली चढ़ गया है, इसलिए वह बैठक खा गए हैं, पेपर ब्लॉक मुरम में बिछाए गए हैं। निर्माण कार्य अभी चल रहा है जहां जो कमी है उसको पूरा किया जाएगा। उसके बाद बिल्डिंग को हैंडोवर किया जाएगा।

**आभास कसट, ठेकेदार**

# साइबर सुरक्षा व अपराध विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पेशल कैम्पेन 5.0 के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में जिला पुलिस सीहोर के सहयोग से साइबर सुरक्षा एवं अपराध विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि सुशील साल्वे, साइबर सेल प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सीहोर रहे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्राची राजपूत, सूबेदार, जिला रिजर्व पुलिस रहीं। सुशील साल्वे ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, पहचान की चोरी, सोशल मीडिया अपराध एवं बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उनसे बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए। सुबेदार प्राची राजपूत ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहते हुए सतर्कता बरतने और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सर्वोत्तम माध्यम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. उदय डोलस ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को डिजिटल नागरिकता और सुरक्षा के प्रति सजग बनाते हैं।

कार्यक्रम का समन्वय स्पेशल कैम्पेन 5.0 के नोडल प्रभारी डॉ. आमिर एजाज द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई द्वारा संपन्न किया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, महाविद्यालयीन प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थियो की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं प्रशासनिक कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन किया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का चापड़ा में हुआ स्वागत



**चापड़ा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रविवार को इंदौर से कन्नौद की ओर जाते समय चापड़ा पहुंचे। जहां पर चापड़ा चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पटवारी का स्वागत किया गया। इस दौरान चौराहे पर सभी कार्यकर्ता एकत्रित हुए और पटवारी से मुलाकात कर संगठन को लेकर चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला से पटवारी का स्वागत किया। इस अवसर पर दिलीप गुर्जर, रामेश्वर गुर्जर, अशोक पटेल, रघुनाथ सिंह चौहान, लीलाधर जाट, कमल मस्कोले, नंदू रावत, रोहित राजपूत, अनारसिंह सेंधव सही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव ने पीएम नरेंद्र मोदी के मासिक संवाद कार्यक्रम मन की बात के 127वें संस्करण को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद बजरंगलाल बैरवा के निवास पर देवास विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 278 पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक विचारों को सुना गया और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में जिले के सभी बूथों पर भी 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। मन की बात के उपरांत भाजपा जिला अध्यक्ष ने बूथ क्षेत्र में घर-घर संपर्क अभियान चलाकर 100 से अधिक स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाए और नागरिकों के साथ मिलकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

# खेड़ापति हनुमान मंदिर में मां चामुंडा सेवा समिति ने खेड़ापति रामायण मंडल का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एमजी रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में रविवार को अन्नकूट के दौरान मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में पुजारी लीलाधर उपाध्याय परिवार व 12 माह सेवा करने वाले खेड़ापति रामायण मंडल के भक्तों का शाल, श्रीफल, मां तुलजा भवानी, मां चामुंडा की तस्वीर भेंट कर पुष्माला पहनाकर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि बैंक नोट प्रेस के उप महाप्रबंधक अभिराजसिंह ठाकुर, मीनल ठाकुर, नारायण व्यास, शंकरलाल शर्मा थे।

मुख्य पुजारी लीलाधर उपाध्याय, परिवार व मंडल के लीलाधर उपाध्याय, हरिनारायण विजयवर्गीय, कल्याण भूतड़ा, प्रहलाद अग्रवाल, मनोहर कौशल, रामरतन वर्मा, अशोक जीनवाल, गणेश विजयवर्गीय, नवीन जोशी, ओम राठौड़, रामदास पटेल, शैलेंद्र जोशी, राजेंद्र पांचाल आदि का शाल-श्रीफल, चुन्नी, मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा की तस्वीर भेंट कर पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। जलोदिया ने कहा कि सेवा ही परमो धर्म है। 12 माह सेवा एवं धर्म के कार्य में अग्रणी रहने वाले का सम्मान करना हमारा परम सौभाग्य है। इस अवसर पर विनोद जयसवाल, नरेंद्र मिश्रा, उम्मेदसिंह राठौड़, राजेश गोस्वामी, राधेश्याम सोनी, प्रदीप लाठी, अनिलसिंह सिकरवार, अमित बागलीकर, मातृशक्ति मंजू जलोदिया, प्रेमलता चौहान, दुर्गा व्यास, संगीता जोशी आदि उपस्थित थे।

# जावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र शिविर का आयोजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र जावर में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजान मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें शिविर में आए हुए मरीजों की आंखों की जांच नेत्र विभाग प्रमुख रवि गोस्वामी सीएचसी जावर, एवं चिरायु अस्पताल की नेत्र विभाग की टीम द्वारा किया गया। गोस्वामी ने बताया की इस नेत्र शिविर में 92 मरीजों ने आंखों की जांच करवायी, जिसमें से 45 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, जिन्हे सेवा चिरायु अस्पताल भोपाल निशुल्क आपरेशन हेतु बस द्वारा भेजा गया, एवं अन्य मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई, साथ ही आपरेशन स्थल तक मरीजों की आवाजाही एवं रहने व भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी। आयोजित शिविर में वर्तमान जावर अस्पताल प्रभारी डॉ. दीपराज बागरी एवं समस्त स्टाफ द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

### जादौन श्री राजपूत करणी सेना के नगर अध्यक्ष बने, दी बधाई

**देवास।** श्री राजपूत करणी सेना द्वारा जिले में महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। युवराज सिंह जादौन को देवास नगर अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह दीक्षित एवं कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह रघुवंशी द्वारा की गई। जिम्मेदारी मिलने के बाद ने संगठन के उद्देश्यों और राजपूत समाज के गौरव को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। जादौन की नियुक्ति पर शहर एवं संगठन के सदस्यों व इष्टमित्रो ने बधाई दी।

# मंत्री विजयवर्गीय 29 को भौरासा नगर को देंगे करोड़ों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

मंत्री कैलाश विजयवर्गी का 29 अक्टूबर को सोनकच्छ विधानसभा का दौरा प्रस्तावित है। मंत्री विजयवर्गीय के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। विधायक डॉ. राजेश सोनकर द्वारा विधानसभा के सभी पांचो भाजपा मंडलों के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर दौरे की जानकारी देते हुए व्यवस्थाएं करने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही स्वागत की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। मंत्री विजयवर्गीय संवरसी में शहीद संजय मीणा के घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मंत्री विजयवर्गीय का दौरा नगर परिषद भौरासा से शुरू होगा। यहां पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन होगा। इसके बाद मंत्री ग्राम संवरर्सी में शहीद संजय मीणा के घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। टोंकखुर्द में एसडीएम कार्यालय राजस्व के नवनिर्मित कार्यालय का लोकार्पण, खरेली में हायर सेकंडरी स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण, चिडावद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का लोकार्पण सहित अन्य गांवों में भी विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमि पूजन करेंगे।

आष्टा प्रेस क्लब का वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित, पत्रकारों का किया सम्मान

# पत्रकारिता फूलों की सेज नहीं, कांटों से भरा रास्ता: नवनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




कन्नौद रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में आष्टा प्रेस क्लब का वार्षिक सम्मेलन, दीपावली मिलन और सम्मान समारोह संपन्न हुआ। समारोह में इंदौर, भोपाल, सीहोर और नगर के सभी पत्रकार व गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, सोनू गुणवान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, रायसिंह मेवाड़ा नगर पालिका आष्टा प्रतिनिधि, कैलाश परमार पूर्व नपा अध्यक्ष, डॉ. मीना सिंगी पूर्व नपा अध्यक्ष, धारा सिंह पटेल जिला भाजपा महामंत्री, दादा दयालु कैलाश सोनी जय श्री ज्वेलर्स, देवीसिंह परमार पूर्व अध्यक्ष भूमि विकास बैंक, ललित नागोरी पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, अंजनी विशाल चौरसिया भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि ने समारोह का शुभारम्भ किया। इसके बाद प्रेस क्लब अध्यक्ष बाबू पांचाल, संयुक्त सचिव धनंजय जाट, सचिव कैलाश अजनोटिया सहित आष्टा प्रेस क्लब के सभी साथियों ने मंचासिन अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि जनता के सामने सत्य की खोज कर लना और सरकार तक पहुंचाने का काम प्रेस ही करती है। आज पत्रकारिता अखबारों से निकल कर रेडियो, टीवी, सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया, एआई तक जा पहुंची है। देश विदेश में कोई भी घटना, दुर्घटना या कुछ भी होता है तो एक सेकेंड में वो खबर हर हाथ तक पहुच जाती है। पत्रकार खबरो को लाने में मेहनत पहले भी करते थे,आज भी करते हैं। बस तरीके बदल गए हैं। कठिन परिश्रम के बिना रास्ता मिलना संभव नहीं है।

कार्यक्रम में इंदौर से वरिष्ठ पत्रकार नवनीत शुक्ला ने कहा कि आज के दौर की पत्रकारिता अलग है और आज से 20 साल पहले की पत्रकारिता अलग थी। आज सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया का जमाना है अब कुछ देर में ही में समाचार मिल जाते हैं पत्रकारों को संभल कर चलना है साथ ही एकजुट रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा ने कहा कि पत्रकारों को हमेशा विपक्ष में रहना चाहिए विपक्ष में रहेंगे तो सरकार, राजनीतिक दल, प्रशासन किसी के बारे में निर्भीक लिख सकते हैं इस दौरान राणा ने आष्टा प्रेस क्लब को उनकी लिखी हुई पुस्तक भी भेंट की। इस अवसर पर इंदौर से आए वरिष्ठ पत्रकार ललित उपमन्यु ने कहा कि यह जो दौर है इसमें समय की कमी है और रिश्तो की भी कमी है और इस समय फास्ट फूड, होम डिलीवरी का दौर चल रहा है इन्होंने हमारी यही नब्ज पकड़ी है अच्छे आयोजन के लिए पूरी आष्टा प्रेस क्लब को बधाई। भोपाल से कार्यक्रम में शामिल हुए वरिष्ठ पत्रकार गीत दीक्षित ने कहा कि यह आयोजन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यहां पत्रकार ही नहीं पूरा समझ बैठा है पत्रकार वही होता है जो समाज को जागृत करता है। कार्यक्रम में सीहोर जिले के वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान ने कहा कि पत्रकारिता हर दौर में प्रभावित रही है पत्रकारिता आज के दौर में कठिन डगर है क्योंकि अच्छी हो या बुरी हर खबर चर्चा में आ जाती हैं ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए जिससे कि पत्रकार एकजुट हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि रघुवर दयाल गोहिया ने कहा कि पत्रकारिता फूलों की सेज नहीं कांटों से भरा रास्ता है। इसे आप पत्रकारों ने स्वयं चुना है। कार्यक्रम को हरि अग्रहरि हरिभूमि स्टेट ब्यूरो सहित अन्य वक्ताओं, अतिथियों ने भी संबोधित कर अपने विचार रखे। इस अवसर पर विधायक ने अपनी ओर से प्रेस क्लब को 21 हजार रुपये की सहयोग राशि देने की भी घोषणा की। तत्पश्चा वरिष्ठ नागरिक जनप्रतिनिधि जन सेवक, समाजसेवी, डॉक्टर्स, शिक्षक एवं पत्रकार साथियों का आष्टा प्रेस क्लब द्वारा प्रतिवर्षानुसार स्मृति चिन्ह प्रदान कर और शॉल ओढ़ा कर सम्मान किया।

# जावर मंडी में शुभ मुहूर्त के साथ शुरू हुई नई सोयाबीन की नीलामी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर मंडी में दीपावली शुभ मुहूर्त में किसान बलवान सिंह निवासी जावर का सोयाबीन 6501 रुपए की उच्चतम बोली में गुरुकृपा ट्रेंडर्स के द्वारा खरीदा गया। इस दौरान विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर और जावर नगर के जनप्रतिनिधि और किसान उपस्थित रहे।